चार दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कृति – 2022

जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान के अनतर्गत संचालित महिला पी.जी. महाविद्यालय में छात्र परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव कृति - 2022 के अन्तिम दिन आज रंगारंग नृत्य प्रतियोगिता में पैतीस छात्राओं ने शास्त्रीय, फिल्मी, एवं राजस्थानी लोक गीत पर डांस की प्रस्तुतियां दी। नृत्य प्रतियोगिता की संचालन डॉ. हेमा जैन एवं डॉ. प्रतिभा बोहरा ने बताया कि निर्णायक मण्डल में सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा और अपराधिक 'न्याय विश्वविद्यालय जोधपुर की सहायक आचार्य डॉ. जागृति उपाध्याय और एन.एल.यू. जोधपुर की सह आचार्य एवं कत्थक नृत्यांगना डॉ. क्रान्ति कपूर द्वारा प्रान्जल जयपाल (बी.ए. II Year) गाना प्रेमजाल में प्रथम स्थान, रिया पुरोहित (बी.एसी. II Year) गाना रमताजोगी में द्वितिय स्थान, पूजा राखेचा (बी.एसी. III Year) गाना जालासैन, रिषिता बोहरा (बी.ए. III Year) छात्रा को गाना ताल में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर स्पेशल कॉमेडि में आयुषि व्यास (बी.ए. III Year) विजेता घोषित किया गया।

"कृति-22 " कि सलाहकार डॉ. रंजना उपध्याय ने बताया कि दोपहर बाद समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए उगम चन्द सुगन कँवर शिक्षण संस्थान की सचिव डॉ. 'रचना कानूनगो ने कहा कि महाविद्यालय में इतने बड़े स्तर पर इतनी विविध प्रतियोगिताएँ करवाना छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करनेका अच्छा माध्यम है जिससे छात्राओं को अपनी रूचि अनुसार अपना भविष्य चुनने में सुविधा रहेगी। समापन सत्र में सभी प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। प्राचार्य डॉ. मनोरमा उपाध्याय ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की उपलब्धियाँ गिनाते हुए बताया की कृति - 22 M में चार दिन तक 15 अलग-अलग प्रकार की इनडोर - आउटडोर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमे 300 से अधिक छात्राओं ने उत्साह, उल्लास एवं जोश के साथ भाग लिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर एस.पी.व्यास ने सभी छात्राओं के साथ-साथ "कृति-2022" के • सफल आयोजन के लिये छात्र परिषद को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी।

Mahila P G Mahavidyalaya
कृति - 2022
Organized By : Student Council

Student Council